(ii) Need to widen Delhi -Faridabad Section of National Highway and construct Badarpur-Faridabad-Noida flyovers.

श्री अवतार सिंह भडाना (फरीदाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि देश की राजधानी दिल्ली के बेहर करीब फरीदाबाद एशिया का सबसे बड़ा औद्योगिक केन्द्र है । रोज लाखों कामगारों और व्यवसायियों का यहां आना-जाना लगा रहता है । इसके अलावा आगरा हाइवे पर पड़ने के कारण यहां से भारी तादाद में अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्टों की भी आवाजाही लगी रहती है । इसलिए आगरा राजमार्ग के फरीदाबाद में पड़ने वाले भाग पर यातायात बहुत बढ़ गया है और जोखिम भरा हो गया है । केन्द्र द्वारा आगरा राजमार्ग के फरीदाबाद खंड का उचित विकास न किए जाने के कारण संभावित निवेशक भी फरीदाबाद की बजाय पड़ोस के उत्तर प्रदेश और हरियाणा के अन्य जिलों में रुचि ले रहे हैं । इससे फरीदाबाद में बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ रही है । फरीदाबाद की जनता लम्बे अर्से से इस भाग को चौड़ा बनाने की मांग करती रही है । इसके अलावा तत्कालीन भूतल परिवहन मंत्री स्व0 श्री राजेश पायलेट ने फरीदाबाद को ग्रेटर नोएडा से जोड़न वाला फ्लाईओवर बनाने का वादा किया था किन्तु इस पर आगे कोई काम नहीं हुआ ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर आगरा राजमार्ग में दिल्ली-फरीदाबाद खंड को चौड़ा करने, बदरपुर फ्लाईओवर और फरीदाबाद-नोएडा फ्लाईओवर के निर्माण के लिए अविलंब निर्देश जारी करें ।